**प्रश्न पत्र प्रारूप**
**विषय :— हिन्दी**

**कक्षा :— दसवी** **अधिकतम अंक : 85**

कुल प्रश्न : 16
निर्धारित समय : 03 घण्टे
परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए है।
विशेष निर्देश :—

1. अपनी उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बाईं ओर दिए गए वृत में प्रश्न पत्र सीरीज अवश्य लिखिए।
2. उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िए।
3. प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र में दर्शाई गई है उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।
4. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**खण्ड क (साहित्यिक एवं वर्णनात्मक गंद्याश)**

**प्र.1** निम्न लिखित गंद्याश को पढ़ कर अन्त में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

पशु को बाँधकर रखना पड़ता है, क्योंकि वह निरंकुश है। चाहे जहाँ—तहाँ चला जाता है, इधर—उधर मुहँ मार देता है। क्या मनुष्य को भी इसी प्रकार दुसरों का बन्धन स्वीकार करना चाहिए? क्या इससे उसमें मनुष्यत्व रह पाएगा। पशु के गले की रज्जु को एक हाथ में पकड़ कर और दूसरे हाथ में एक लकड़ी लेकर जहाँ चाहो हाँककर ले जाओ। जिन लोगों को इसी प्रकार हाँके जाने का स्वभाव पड़ गया है, जिन्हे कोई भी जिधर चाहे ले जा सकता है, लगा सकता है, उन्हें भी पशु ही कहा जाएगा। पशु को चाहे कितना मारो, चाहे कितना उसका अपमान करो, बाद में खाने को दे दो, वह पूँछ और कान हिलाने लगेगा। ऐसे नर पशु भी बहुत से मिलेंगे जो कुचले जाने और अपमानित होने पर भी जरा सी वस्तु मिलने पर चट सन्तुष्ट और प्रसन्न हो जाते है। कुत्ते को कितना ही ताड़ना देने के बाद उसके सामने एक टुकड़ा डाल दो, वह झट से मार—पीट को भूल कर उसे खाने लगेगा। यदि हम भी ऐसे ही हैं तो हम कौन हैं, इसे स्पष्ट कहने की आवश्यकता नहीं। पशुओं में भी कई पशु मार—पीट और अपमान को नहीं सहते। वे कई दिन तक निराहार रहते हैं। कई पशुओं ने तो प्राण त्याग दिए, ऐसा सुना जाता है। पर इस प्रकार के पशु मनुष्य—कोटि के हैं, उनमें मनुष्यत्व का समावेश है, यदि ऐसा कहा जाए तो कोई अत्युक्ति न होगी।

1. पशु को क्यों बाँध कर रखा जाता है?
2. किन स्थितियों में मनुष्य में मनुष्यत्व नहीं रहता है?
3. किन लोगों को हाँके जाने की आदत पड़ती है?
4. लेखक ने नर पशुओं की क्या विशेषताएँ बताई हैं?
5. लेखक ने नर पशु किसे कहा है?
6. इस गंद्याश के लिए कोई उपयुक्त शीर्षक लिखें।
7. 'मार—पीट' शब्द में कौन सा समास है?
8. लेखक ने किस प्रकार के पशु को मनुष्य कोटि में रखा है
9. कौन मार—पीट को भूल कर भी खाना खा लेता है?
10. निम्न शब्दों के अर्थ लिखें— प्राण, निरंकुश (1x10=10)

Downloaded from cclchapter.com

**प्र.2** अधोलिखित गंद्याश को पढ़ कर अन्त में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

जीवन की कला ठूँठ की तरह खड़े रहने में नहीं है; यह जो पेड़ अपनी जवानी में ही सूख गया, जानते हो क्यों? क्योंकि इसकी जड़ों ने रस लेना बन्द कर दिया था। जीवन में लहलहाने का एक ही तरीका है कि उसे विभिन्न रसों को लेने दो। एक विशेष विषय में निपुण होने का तात्पर्य यह नहीं है कि तुम फुटबाल के ग्राऊँड में मत जाओ, व्यापार में इतने तल्लीन मत हो जाओ कि बच्चों को भूल जाओ, पुस्तकों के कीड़े मत बन जाओ कि यार दोस्तों की हँसी बुरी लगने लगे।

(क) इस गंद्याश का उचित शीर्षक दीजिए।
(ख) गंद्याश का एक तिहाई शब्दों में सार लिखिए।
(ग) व्यक्ति ठूँठ कब बन जाता है? (2+3+2=7)

**खण्ड ख(रचनात्मक)**

**प्र.3** निम्न लिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए। (8)

**(क)** प्रदुषण के कारण और निवारण:
(भूमिका, प्रदूषण के प्रकार, प्रदूषण के कारण, प्रदूषण को कम करने के उपाय, उपसंहार)

**(ख)** बढ़ती जनसंख्या
(भूमिका, बढ़ती जनसंख्या के कारण, जनसंख्या के रोकथाम के उपाय, उपसंहार)

**(ग)** भारतीय संस्कृति
(भूमिका, संस्कृति के तात्पर्य, भारतीय संस्कृति का स्वरूप, अनेकता में एकता की भावना, उपसंहार)

**प्र.4** अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखें जिसमें आपकी कक्षा में जिन वस्तुओं की आवश्यकता है उनकी सूची बनाकर प्रस्तुत करें।

**(या)**

बोर्ड परीक्षा में प्रथम आने पर मित्र को बधाई पत्र लिखें। (4)

**प्र.5** निम्न लिखित पंक्तियों में प्राप्त आनंद के नाम के सन्देश को अपने शब्दों में लिखें। (लगभग 50 शब्दों में)

- मैं सुधांशु बोल रहा हूँ। आनंद का मित्र। आनंद होंगे क्या?
- जी नहीं, वे इस समय आफिस में हैं।।
- अच्छा, उन्हें बता दीजिएगा कि कल मैं शताब्दी से ग्वालियर पहुँच रहा हूँ। मेरे साथ मेरी पत्नी भी होगी। हो सके तो आंनद स्टेशन आ जाएं। गाड़ी सुबह स्टेशन पहुँचती है।
- ठीक है। मै बोल दूँगा। (4)

**''अथवा''**

पंचायत के प्रधान तथा कृषकों के मध्य अपनी कृषि की उत्पादकता में वृद्धि के लिए कृषकों तथा प्रधान के मध्य संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखे।

Downloaded from cclchapter.com

**प्र.6** आपके विद्यालय में ''विश्य पर्यावरण दिवस'' मनाया जा रहा है इस विषय के बारे में एक सूचना अपने शब्दों में तैयार करें।

(4)

## खण्ड ग (व्याकरण)

**प्र.7** निम्नलिखित वाक्यों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए (1x3=3)

**(क)** सूर्योदय होने पर पक्षी बोलने लगे
(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

**(ख)** वह आलसी था, इस लिए विफल हुआ।
(सरल वाक्य में बदलिए)

**(ग)** देश पर मर मिटने वाला व्यक्ति ही सच्चा देश भक्त होता है।
(मिश्र वाक्य में बदलिए)

**प्र.8** निम्न वाक्यों का वाच्य परिवर्तन करें। (1x3=3)

**(क)** विशाल रोता है। (कर्म वाच्य में)

**(ख)** वह दौड़ नहीं सकता। (भाववाच्य में)

**(ग)** प्रधानमन्त्री ने बाढ़ पीड़ित क्षेत्र का दौरा किया। (कर्म वाच्य में)

**प्र.9** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए। (1x3=3)

**(क)** शब्द और पद में क्या अन्तर है?

**(ख)** तुम कहाँ रहती हो? (रेखांकित पद संज्ञा है या सर्वनाम)

**(ग)** विचारों के आदान प्रदान के साधन को क्या कहते हैं?

**प्र.10** निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए। (1x2+1=3)

**(क)** लम्बोदर , चौराहा

**(ख)** 'हार' अथवा 'कर' के दो भिन्नार्थक शब्द लिखिए।

## खण्ड घ (पाठ्यपुस्तकों से)

**प्र.11** निम्नलिखित गंद्याश को पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें (कोई तीन) (2+2+2=6)

यह पितृगाथा मैं इस लिए नहीं गा रही कि मुझे उनका गौरव गान करना है। बल्कि मैं तो यह देखना चाहती हूँ कि उनके व्यक्तित्व की कौन सी खूबी और खामियाँ मेरे व्यक्तित्व के ताने बाने में गुँथी हुई है। या कि अनचाहे अनजाने किए उनके व्यवहार ने मेरे भीतर किन ग्रंथियों को जन्म दे दिया।

**(क)** लेखक व पाठ का नाम लिखें।

**(ख)** लेखिका अपने पिता के संबंध में क्यों बता रही है?

**(ग)** लेखिका के पिता में क्या खूबियाँ थीं?

**(घ)** लेखिका पर पिता के व्यक्तित्व का क्या प्रभाव पड़ा!

**(अथवा)**

नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से नमक–मिर्च के संयोग से चमकती खीरे की फाँकों की ओर देखा। खिड़की के बाहर देखकर दीर्घ निश्वास लिया। खीरे की एक फाँक उठा कर होठों तक ले गए फाँक को सूँघा स्वाद के आनंद में पलकें मूंद गईं। मुँह में भर आए पानी का घूँट गले से उतर

Downloaded from cclchapter.com

गया। तब नवाब साहब ने फाँक को खिड़की से बाहर छोड़ दिया। नवाब साहब खीरे की फाँकों को नाक के पास ले जाकर,वासना से रसास्वादन कर खिड़की के बाहर फेंकते गए।

**(क)** पाठ व लेखक का नाम लिखिए।
**(ख)** नवाब साहब ने खीरे की फाँकों का क्या किया?
**(ग)** नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से क्या देखा?
**(घ)** किसके आनंद से नवाब साहब की पलकें मूंद गई?

**प्र.12** निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर संक्षेप में दें। (6)

नेता जी का चश्मा पाठ के आधार पर पान वाले का रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।

**(अथवा)**

बिस्मिल्ला खाँ के जीवन से जुड़ी घटनाओं का और व्यक्तियों का उल्लेख करें।

**प्र.13** निम्न लिखित काव्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2+2+2=6)

तुम्हारी यह दन्तुरित मुस्कान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि–धूसर तुम्हारे यह गात
छोड़ कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात

**(क)** कवि व कविता का नाम लिखें।
**(ख)** इन पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट करें।
**(ग)** मृतक में जान डाल देने की क्षमता किसमें है?
**(घ)** कवि की झोंपड़ी में क्या खिल रहे हैं?

**(अथवा)**

हमारै हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम वचन नंद नंदन उर, यह दृढ़ करी पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस निसि, कान्ह–कान्ह जक री।।
सुन जोग लागत है ऐसो, ज्यों करूई ककरी।
सू तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तो सूर तिनहिं लैं सौंपो, जिनके मन चकरी।।

**(क)** कवि व कविता का नाम लिखें।
**(ख)** हारिल की लकड़ी किसे कहा है?
**(ग)** गोपियाँ कब–कब किसे याद करती रहती हैं।
**(ग)** गोपियों ने योग रूपी व्याधि किन्हें सौंपने को कहा है?

Downloaded from cclchapter.com

**प्र.14** निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए। (2+2+2=6)

**(क)** लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या–क्या विशेषताएँ बताई हैं?

**(ख)** स्मृति को पाथेय बनाने से कवि का क्या आशय है?

**(ग)** गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?

**(घ)** कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है?

**(ङ0)** माँ ने बेटी को अन्तिम पूँजी क्यों कहा है?

**प्र.15** निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें– (2+2+2=6)

**(क)** गन्तोक को मेहनत कश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया?

**(ख)** दुलारी का टुन्नू से पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ?

**(ग)** आपके विचार से भोला नाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?

**(घ)** जार्ज पंचम की नाक लगने वाली खबर के दिन अखबार चुप क्यों थे?

**(ङ0)** हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भ्यानक्तम दुरूपयोग है। आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरूपयोग कहाँ–कहाँ और किस रूप में हो रहा है?

**प्र.16** भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है? (6)

**(अथवा)**

देश की सीमापर बैठे फौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं? हमारा उनके प्रति क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए?

Downloaded from cclchapter.com